Poonam Pathak
25.1.19

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

## Pre Annual Exam – 2019

**Sub: Hindi (F.L.)** **Class: 11** **F. M. 80**

**Duration: 3 .15 hrs** **समाधान** **Date: 24.1.19**

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

### GROUP-A

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखें। खंड क,ख तथा ग के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।** (1X20=20)

**खण्ड 'क' (गद्य) (1X9)**

1. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' एक _____ निबंध है।
   iv.ललित ।
2. नवीन सिद्धांत की आत्मा है ---- ?
   iii.निर्लज्जता ।
3. लेखक के मरने के कितने दिन बाद संसद में प्रश्नोत्तर हुए?
   ii.दस ।
4. 'ये युवा हमें वृद्धाश्रम के आलावा क्या देंगे?' - पंक्ति का वक्ता कौन है?
   iii.डॉक्टर की पत्नी ।
5. नई सभ्यता का सूर्य किस दिशा में उदय हो रहा है?
   iv.सुदूर पश्चिम ।
6. 'भूत के पाँव पीछे' किसकी रचना है ?
   ii.हरि शंकर परसाई ।
7. सोनारी किन राजाओं की राजधानी रही है ?
   ii.अहोम ।
8. 'यहाँ भी हम किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते' --- पंक्ति किस पाठ से उद्धृत है ?
   iv.महाजनी सभ्यता ।
9. 'ये किताबें किसने नाली में फेंक दीं'--- कथन का वक्ता कौन है?
   iv.दाई ।

**<u>खंड 'ख'</u> (काव्य )** (1X6)

1. 'पत्रहीन नग्न गाछ' के रचनाकार कौन हैं ?

   iii.नागार्जुन।

2. 'देख तुही छींके दधि माखन' - अंश में 'छींके' का अर्थ है

   iii.जूट से बनी डोरी ।

3. 'अरी वरुणा की शांत कछार' कविता कौन-से संकलन से उद्धृत है ?

   ii.लहर ।

4. नन्द की गाय चराने के बदले रसखान क्या बिसरा देना चाहते हैं ?

   ii.आठों सिद्धियाँ, नौ निधियां का सुख

5. घनानंद का प्रेम किस प्रकार का था ?

   i.एकपक्षीय ।

6. 'जीवन में मधु का प्याला था' --- 'मधु प्याले' से तात्पर्य है ---

   iv.जीवन में परम आनंद के क्षण ।

**'<u>खंड 'ग'</u> -- (साहित्य का इतिहास)** (1X5)

1. 'बीजवपन काल' को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

   ii.वीरगाथा काल ।

2. सूफी कवियों की मूल संवेदना किस प्रकार की है ?

   iii.प्रेम ।

3. 'साहित्य लहरी' किसकी रचना है ?

   iv सूरदास ।

4. निम्न में से कौन-सी भाषा अपभ्रंश नहीं है?

   iv.अवधी ।

5. रीतिकाल की मुख्य प्रवृत्ति कौन सी है ?

   i.श्रृंगारिकता ।

**2. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए (अधिकतम 30 शब्दों में) :--** **(2X3=6)**

***निर्धारित शब्द-सीमा में दिए गए सटीक एवं तर्कपूर्ण उत्तरों का मूल्यांकन व्याकरणिक शुद्धता के आधार पर ही किया जायेगा ।***

क. 'यह स्थान भी उससे ज्यादा ख़राब नहीं था'- (i) लेखक का नाम -हरिशंकर परसाई (ii) लेखक को मरने के बाद नर्क में भेजा गया तो उन्हें बुरा न लगा क्योंकि धरती पर भी वे नर्क के समान ही अपमानजनक जीवन जी रहे थे.
ख. 'यह हवा इतनी ज़हरीली हो गई है कि उसमें जीवित रहना कठिन होता जा रहा है'-(i) पाठ का नाम-महाजनी सभ्यता (ii) महाजनी सभ्यता में हरेक काम की गरज केवल पैसा ही है.समाज का प्रत्येक वर्ग इसके प्रभाव से अछूता नहीं है.पैसे ने आज के वातावरण को ज़हरीला बना दिया है.

ग. i) 'नई सभ्यता' से आशय 'समाजवादी सभ्यता से है । (ii) प्रेमचंद अपने निबंध 'महाजनी सभ्यता' में महाजनी सभ्यता में स्वतंत्रता के दुरूपयोग किये जाने पर कहते हैं कि इस व्यवस्था में पूंजीपति और धनवान लोग गरीब का अनेक प्रकार से शोषण करने के लिए स्वतंत्र हैं । कोई भी उनको ऐसा करने करने से रोक नहीं पाता क्योंकि रक्षक भी भक्षक बने हैं इस व्यवस्था में, किन्तु समाजवादी व्यवस्था ने शोषण करने की उनकी इस स्वतंत्रता पर लगाम लगा दी है

घ. (i) वक्ता नौकर अवधी में बोल रहा है (ii) 'कुछ हुई गवा' से महत्वपूर्ण घटना "स्वतंत्रता की घोषणा' की ओर संकेतित है । पाठ में वक्ता देश के गरीब,निम्न वर्ग, शोषित और दबे कुचले वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है जिसे उच्च वर्ग सदा से शिक्षा और जानकारी से दूर रखता आया है ताकि वे उनको अपना दास बने रख सके ।

ड. 'हमारी यंग जेनेरेशन पूरी की पूरी ही ऐसी है' -(i) अंश का वक्ता डॉक्टर साहब है? (ii) ट्रेन में सामने वाली सीट पर बैठे तीन युवाओं के उठने-बैठने का ढंग, खुले फैशन, उत्श्रंखल व असंस्कृत व्यवहार आदि से लेखिका तथा अन्य यात्रियों को परेशानी हो रही थी, जिन्हें देख कर डॉक्टर साहब ने पूरी यंग जेनेरेशन को ही बदतमीज़ करार दिया.

**ख. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-- (2X2=4)**

क. 'मुरझाईं कितनी वल्लरियाँ, जो मुरझाईं फिर कहाँ खिलीं' (i) इस सत्य को दर्शाने के लिए हुआ है कि मृत्यु हो जाने पर जो बिछड जाता है, वह दोबारा नहीं मिलता । (ii) सन्दर्भ प्रसंग सहित भाव अपेक्षित है ।

ख. 'कहा करौं इस रिसी कै मारें,खेलंह हौं नहिं जात' (i) कृष्ण खेलने में असमर्थ है क्योंकि ग्वालवालों के साथ खेलते हुए वे हार गए और खीज के मारे खेलना नहीं चाहते (ii) अंश में कृष्ण के खीजने का भाव निहित है । प्रसंगानुकूल व्याख्या अपेक्षित है ।

ग. i) 'आज' से 'सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार' के जीर्णोद्धार के पश्चात् उसके उद्घाटन समारोह की ओर संकेतित है (ii) मूलगंध कुटी विहार के ध्वंस के साथ गौतम बुद्ध के उपदेशों को भुला दिया गया । अब उसके जीर्णोद्धार के साथ ही बुद्ध के ज्ञान,धर्म और मानवता सम्बन्धी उपदेशों को याद किया जा रहा है. अंश में उनके उपदेशों की झंकार की बात कही गई है ।

घ. 'कौवे ने खुजलाई पांखे कई दिनों के बाद' - (i) अंश 'अकाल और उसक बाद' कविता से है? (ii) 'कई दिनों' का अभिप्राय है- अनेक दिनों तक अकाल के कारण भोजन का अभाव रहना

## *GROUP-B*

**3. निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए :-- (5X3=15)**

क. लेखक अज्ञेय के हठी स्वाभाव के कारण उनको असाम की बाढ़ में फंस कर किन मुश्किलों का सामना करना पड़ा, इसे स्पष्ट करते हुए उनके व्यक्तित्व और जीवन दर्शन की समीक्षा उत्तर में अपेक्षित है.

ख. युवा पीढ़ी को समझने की आवश्यकता, उनके बाहरी व्यवहार के आधार पर उनके संस्कारों की आलोचना करना उचित नहीं, बड़ों को भी अपने संस्कारों की समीक्षा करनी की आवश्यकता --पाठ में आए उद्धरणों के माध्यम से उद्देश्यों को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ग. सामान्य जनता को आज़ादी व अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा उच्च वर्ग के लोगों जैसे नेता, सरकारी प्रतिष्ठित, शिक्षित लोग आदि को भी अधिकारों के दुरूपयोग करने के प्रति चेतावनी देना -पाठ में आए उद्धरणों के माध्यम से शीर्षक की सार्थकता को व्याख्यायित किया जाना चाहिए ।

घ. लेखक व निबंध का प्रारंभिक प्रसंग देते हुए सारांश, उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किए जाना चाहिए ।

ड.' मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' पाठ के माध्यम से लेखक विद्यानिवास मिश्र ने दो पीढ़ियों के बढ़ते हुए अन्तराल पर चिंता व्यक्त करते हुए उनमें संवेदना जगाने की कोशिश की है ताकि दोनों वर्ग एक दूसरे के अधिक निकट आ सकें- पाठ के आधार पर लेखक के विचारों को उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत करना.

**4. किसी एक खंड के दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिये - (अधिकतम 150 शब्दों में) (5X2=10)**

खंड 'क

क. रसखान के पदों के आधार पर भाव पक्ष व कला पक्ष के अंतर्गत, काव्य की पंक्तियों के साथ व्याख्या ।

ख. कविता- 'अकाल और उसके बाद' .कवि - नागार्जुन. अंश की व्याख्या स्पष्ट है ।

खंड 'ख'

क. कविता और कवि का नामोल्लेख करते हुए कविता का मूल भाव उदाहरणों द्वारा प्रस्तुत करना।

ख. कविता- सूर के पद, 'भ्रमर गीत'. कवि - सूरदास. अंश की व्याख्या स्पष्ट है ।

## *GROUP-C*

**5. निम्न प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिये-- (अधिकतम 200 शब्दों में) (5X1=5)**

क. कवियों के जन्म-मृत्यु, शिक्षा, रचनाएँ, वर्ण्य विषय तथा कुछेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उत्तर लिखना।**कबीर-** भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के सर्वोच्च कवि, महान समाज सुधारक, वाणी के डिक्टेटर, दोहा,रमैनी,सखी और पद रचना, सधुक्कड़ी भाषा, 'बीजक' में संकलित। **बिहारी-** रीतिकाल के प्रमुख कवियों में से एक, ग्रन्थ-बिहारी सतसई-सात सौ दोहों का समूह, नीति, भक्ति,श्रृंगार सम्बन्धी, साहित्यिक ब्रज भाषा । **सूरदास-** भक्तिकाल के सगुण धारा के कृष्ण भक्ति शाखा के सर्वोच्च कवि, कृष्ण के बाल सौन्दर्य,बालस्वरुप ,बाल चेष्टाओं, बाल मनोविज्ञान आदि का मनोहारी चित्रण, सूरसागर व सूरसारावली प्रमुख रचना, साहित्यिक ब्रजभाषा ।

ख. युग का प्रारंभिक परिचय, समय अवधि आदि का परिचय तथा विशेषताओं को उल्लेख करना- समय 1700-1900 ईस्वी, विशेषताएं- श्रृंगारिकता, उपदेशात्मकता, भक्ति सम्बन्धी, नीति सम्बन्धी, लक्षण ग्रंथों का निर्माण आदि ।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-- (2X5=10)**

क. उपसर्ग पृथक कीजिए -- वि, अ ।

ख. वचन बदलिए -- दीवार, लहरें ।

ग. वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारण कीजिए --उसने बुराई की (स्त्रीलिंग), हौसला टूटा नहीं(पुलिंग)

घ. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए -

i. मैंने देखा कि जो उसकी शर्ट का बड़ा हिस्सा था वह खून से सना था। (मिश्र वाक्य में)

ii. मेरा प्यारा कुत्ता दीवार के उस पार घुस कर पकवान खा गया । (सरल वाक्य में)

ड. शुद्द करके लिखिए -

i. एक सज्जन ने ठहरने को जगह दी ।

ii तुमने आत्महत्या की ।

च. प्रत्यय पृथक कीजिए - लकड़ +ई, प्रतिक्रिया +ओं ।

**7. किसी एक विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखो :-- (10X1=10)**

विषयों पर निर्धारित शब्द-सीमा में प्रस्तावना, विषय-वस्तु, विस्तार तथा उपसंहार आदि प्रारूप को दृष्टिगत रखते हुए निबंध लिखना। लेखन कार्य का मूल्यांकन भाषा, भाव, और विचारों की उत्कृष्टता, शब्द चयन और प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया जायेगा। विषय पर संतुलित, व्यवस्थित, मौलिक विचारों को निर्धारित शब्द सीमा में निबंध के प्रारूप के अनुसार लिखे गए उत्तरों पर विचार किया जायेगा.

===========